**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 06.09.2026 समय : 0705

**<><><><><><><>**

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने डॉ. दिनेश शर्मा को अंडमान निकोबार द्वीप समूह का उप–राज्यपाल नियुक्त किया।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत की 7 दशमलव 8 प्रतिशत की तिमाही वृद्धि आर्थिक शक्ति को दर्शाती है।
3. माई भारत ने द्वीपसमूह के युवाओं से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग दो हजार सत्ताईस में भाग लेने की अपील की।
4. मत्स्य पालन सचिव ने चिड़ियाटापू का दौरा कर खुले समुद्र में चल रही कमर्शियल केज कल्चर परियोजनाओं की समीक्षा की।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने डॉ. दिनेश शर्मा को अंडमान निकोबार द्वीप समूह का उप–राज्यपाल नियुक्त किया है। राष्ट्रपति भवन से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में इसकी जानकारी देते हुए कहा गया है कि यह नियुक्ति उनके पदभार संभालने की तारीख से प्रभावी होगी। डॉ. शर्मा, रिटायर्ड एडमिरल देवेंद्र कुमार जोशी की जगह लेंगे, जो अक्टूबर 2017 से द्वीप समूह के उप–राज्यपाल के तौर पर काम कर रहे थे। डॉ. शर्मा अभी उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सांसद हैं और राज्य के उप–मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत की 7 दशमलव 8 प्रतिशत की तिमाही वृद्धि आर्थिक शक्ति को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि भारत ने नीतिगत अवरोध से नीतिगत गतिशीलता तक का लंबा सफर तय किया है। श्री मोदी ने नई दिल्ली में एस आर सी सी के शताब्दी समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया भारत को सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनते हुए देख रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एस.आर.सी.सी. ने वर्षों से छात्रों की कई पीढ़ियों को सीखने, आगे बढ़ने और समाज में बदलाव लाने का अवसर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक सौ चालीस करोड़ भारतीय मिलकर भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाएंगे।

<><><><><><><>

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तहत माई भारत ने द्वीपसमूह के युवाओं से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग दो हजार सत्ताईस में भाग लेने की अपील की है। इसकी शुरुआत विकसित भारत क्विज़ से हो रही है, जिससे युवा 'विकसित भारत @2047' के दृष्टिकोण में अपने विचारों और नवाचारों का योगदान दे सकें। यह पहल 15 से 29 वर्ष के युवाओं को नीति निर्माताओं, विशेषज्ञों, केंद्रीय मंत्रियों और प्रधानमंत्री के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करती है। क्विज़ डिजिटल रूप से विभिन्न भाषाओं में माई भारत पोर्टल पर आयोजित किया जा रहा है। युवा छः क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। विकसित भारत क्विज़ 30 सितंबर तक, विकसित भारत निबंध चुनौती 5 से 19 अक्टूबर, जिला चैम्पियनशिप 10 से 16 नवंबर, राज्य–जिला स्तरीय विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 17 नवंबर से 7 दिसंबर, जबकि राष्ट्रीय स्तर 10 से 12 जनवरी निर्धारित की गई है। इच्छुक प्रतिभागी माई भारत पोर्टल पर सीधे ऑनलाइन क्विज़ में भाग ले सकते हैं। माई भारत के निदेशक सुखा रंजन बिस्वास ने सभी युवाओं, एनएसएस स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेटों और शैक्षणिक संस्थानों से इस राष्ट्रीय पहल में बढ़–चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण समिति की ओर से लोगों के बीच एचआईवी और एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 11 सितंबर को 'रेड रन' 5 किलोमीटर मैराथन का आयोजन किया जाएगा। यह रेड रन पुरुष और महिला श्रेणियों में 17 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी व्यक्तियों के लिए खुली है। यह दौड़ अंडमान क्लब से शुरू होकर गर्ल्स स्कूल, फ्लैग प्वाइंट, मजार से होते हुए उसी मार्ग से वापस अंडमान क्लब पर समाप्त होगी। प्रत्येक श्रेणी में विजेताओं को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। मैराथन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 9 सितंबर तक खुला रहेगा। इच्छुक

प्रतिभागी गूगल फॉर्म लिंक या क्यूआर कोड को स्कैन कर पंजीकरण कर सकते हैं। जो लोग ऑनलाइन पंजीकरण करने में असमर्थ हैं, वे मौके पर पंजीकरण कर सकते हैं। सभी प्रतिभागियों से सुबह साढ़े पांच बजे तक नेताजी स्टेडियम में रिपोर्ट करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

मत्स्य पालन सचिव ने मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों के साथ चिड़ियाटापू का दौरा कर खुले समुद्र में चल रही कमर्शियल केज कल्चर परियोजनाओं की समीक्षा की और निजी फर्मों द्वारा शुरू की गई मैरीकल्चर पहलों की प्रगति का आकलन भी किया। इस दौरे का उद्देश्य मैरीकल्चर को बढ़ावा देना, मत्स्य गतिविधियों का विविधीकरण करना और समुद्री संसाधनों का टिकाऊ उपयोग का निरीक्षण करना था। सचिव ने फीडिंग, स्टॉक प्रबंधन, विकास और केज रखरखाव का जायजा लिया तथा इसके उचित स्टॉकिंग घनत्व बनाए रखने, वैज्ञानिक फीडिंग और मछलियों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी, पर्यावरण एवं बायो–सिक्योरिटी मानकों का पालन करने का निर्देश दिया। मत्स्य पालन विभाग द्वीपों में उत्पादन बढ़ाने, आजीविका के अवसर पैदा करने और प्राकृतिक समुद्री संसाधनों पर दबाव कम करने के उद्देश्य से मैरीकल्चर के लिए अधिक स्थानों का आवंटन करने की प्रक्रिया में है।

<><><><><><><>

मत्स्य पालन विभाग ने कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी की दक्षिण अंडमान जिला कार्य योजना के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम शहीद द्वीप स्थित फिश लैंडिंग सेंटर में 'मरीन डीजल इंजनों की मरम्मत और रखरखाव' एवं 'मछली पकड़ने के जालों की मरम्मत और जालों की सुधराई' विषय के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का समन्वय मत्स्य पालन उप–निरीक्षक अब्दुल आरिफ ने किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मछली पकड़ने वाली नौकाओं में इस्तेमाल होने वाले मरीन डीजल इंजनों के नियमित रखरखाव, बुनियादी मरम्मत, खराबी दूर करने और सुरक्षित संचालन पर जानकारी दी गई। प्रशिक्षण पूरा होने पर सभी 20 प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इसके अलावा, इंजन रखरखाव और नेट–रिपेयर गतिविधियों के दौरान सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए सुरक्षा उपकरण जैसे गॉगल्स और दस्ताने भी प्रदान किए गए।

<><><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने जारवा समुदाय के बीच स्थायी बैकयार्ड पोल्ट्री फार्मिंग और पोषण संबंधी सहायता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक नई पहल शुरू की है। विभाग की ओर से हाल ही में जारवा समुदाय के लिए 200 स्वदेशी निकोबारी मुर्गियों का वितरण किया गया। विभाग द्वारा यह पूरा वितरण 100 प्रतिशत सब्सिडी पर किया गया है।

<><><><><><><>